# कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

*WEBSITE* : www.mpbse.nic.in & *E-mail id* : mpbse@mp.nic.in

दूरभाष कार्यालय–0755–2551650

क्रमांक / 1486 / गोपनीय / 2021 भोपाल, दिनांक 26 / 02 / 2021

प्रति,

1. समस्त– कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
2. समस्त– मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मध्यप्रदेश।
3. समस्त– संभागीय, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश।
4. समस्त– संभागीय उप आयुक्त / सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण।
5. जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण, मध्यप्रदेश।
6. समस्त– जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
7. समस्त– संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
8. समस्त– प्राचार्य, जिला समन्वयक संस्था, मध्यप्रदेश।

**विषय– वर्ष 2021 में प्रायोगिक परीक्षा हेतु बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं का चयन एवं नियुक्ति।**
**संदर्भः–मण्डल का पत्र क्रमांक 1431 / गोपनीय / 2021 भोपाल दिनांक 05.02.2021**

– –

कृपया वर्ष 2021 में मण्डल की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं की नियुक्ति आदेश जारी करने संबंधी विषयांकित संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2. प्रायोगिक परीक्षाओं के लिये समय सीमा निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

| क्र | गतिविधि | समय सीमा |
|---|---|---|
| 1 | बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं के नियुक्ति आदेश जारी कर जानकारी www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध कराना। | अंतिम तिथि 05.03.2021 |
| 2 | मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा प्रायोगिक परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा हेतु प्रयोगशाला की उपयुक्तता संबंधी अभिमत। | **निरीक्षण :** 05.03.2021 से 12.03.2021 के मध्य<br>अभिमत वेबसाईट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 15.03.2021 |
| 3 | प्रायोगिक परीक्षा हेतु उपयुक्त पाई गई प्रयोगशाला वाली संस्था को विद्यालय / विद्यार्थी आवंटन | 25.03.2021 अथवा इसके पूर्व |
| 4 | बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं को प्रायोगिक परीक्षा केन्द्रों का आवंटन | 31.03.2021 अथवा इसके पूर्व |
| 5 | प्रायोगिक परीक्षा हेतु समय चक्र जारी कर www.mpbse.nic.in पर दर्ज करना। | 05.04.2021 अथवा इसके पूर्व |
| 6 | प्रायोगिक परीक्षा आयोजन | 15 अप्रेल से 26 अप्रेल 2021 के दौरान |

3. प्रायोगिक परीक्षा हेतु मण्डल की वेबसाईट www.mpbse.nic.in पर निम्न जानकारी / सुविधा उपलब्ध होगी :–

3.1 बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं की नियुक्ति की जानकारी ऑन लाईन प्रस्तुत करने की सुविधा।
3.2 बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा प्रायोगिक परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण एवं अभिमत हेतु नियत प्रपत्र।
3.3 प्रायोगिक परीक्षा हेतु विषयवार प्रश्न बैंक।
3.4 प्रायोगिक परीक्षा हेतु उपयुक्त पाए गए परीक्षा केन्द्रों के मध्य विभिन्न विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र आवंटन की ऑन लाईन जानकारी का प्रपत्र।
3.5 बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं की परीक्षा केन्द्रवार तैनाती की जानकारी का प्रपत्र।
3.6 परीक्षा केन्द्रवार प्रायोगिक परीक्षा की समय सारिणी।
3.7 प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुये फोटो अपलोड करने की सुविधा।

4. कृपया वर्ष 2021 में प्रायोगिक परीक्षा हेतु नियत समय–सीमा में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नः– नियुक्ति पत्र का प्रारूप।**

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृष्ठा.क्रमांक / 1497 / गोपनीय / 2021 भोपाल, दिनांक-26 / 02 / 2021

प्रतिलिपि-

1— प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।

2— सर्व संभाग आयुक्त, मध्यप्रदेश।

3— आयुक्त, लोक शिक्षण, गौतम नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश।

4— मान. मण्डल सदस्य, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।

5— श्री सुनील जैन, वरिष्ठ तकनीकी निर्देशक, एन.आई.सी., सी–विंग–भवन, विन्ध्याचल भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।

6— अतिरिक्त सचिव / उप सचिव / परीक्षा नियंत्रक / वित्ताधिकारी, मा0शि0 मण्डल, म0प्र0, भोपाल।

7— जनसंपर्क अधिकारी / सी.एस.ओ. / पंजीयक / सहायक सचिव / कक्षाधिकारी, मा0शि0 मण्डल, म0प्र0, भोपाल।

8— समस्त प्राचार्य– मण्डल से संबंद्धता प्राप्त संस्थायें, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल

"C:\Users\HP\Desktop\appintment-examiners 2021.doc"

कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त/जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण
जिला ...................... (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/ /2021 दिनांक / /2021

प्रति,

श्री/श्रीमती/सुश्री
...............................उ.मा.वि.
जिला .........................म.प्र.

## प्रायोगिक परीक्षा हेतु बाह्य मूल्यांकनकर्ता का नियुक्ति पत्र।

1. म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं हा.से.व्यावसायिक प्रायोगिक परीक्षा वर्ष 2021 सम्पन्न कराने के लिये आपका चयन विषय ............................... हेतु बाह्य मूल्यांकनकर्ता के रूप में किया गया है। तदानुसार आपको बाह्य मूल्यांकनकर्ता नियुक्त किया जाता है।

2. आपकी नियुक्ति की सूचना पृष्ठांकन के माध्यम से आपकी शाला के प्राचार्य को दी गई है। यदि उन्हें नियुक्ति पत्र की प्रति न मिली हो तो आपकी प्रति उन्हें प्रस्तुत कर अवगत कराएं।

3. मध्यप्रदेश शासन ने मण्डल के परीक्षा संबंधी कार्यों को मध्यप्रदेश अनिवार्य सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम, 1979 के अन्तर्गत अनिवार्य सेवा घोषित किया है। अतः आपकी संस्था के लिए आपको प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए आवश्यकतानुसार आपके कार्य से भारमुक्त करना और आपके लिए परीक्षा सम्पन्न कराना बंधनकारी है।

4. प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु निम्न निर्देशों का पालन किया जाएं :–

4.1 संलग्न सूची में आपको आवंटित संस्था की प्रयोगशाला का 7 दिवस के भीतर निरीक्षण कर प्रायोगिक परीक्षा के लिये उपयुक्तता संबंधी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में मण्डल की वेबसाईट www.mpbse.nic.in पर ऑन लाईन अपलोड करें।

4.2 मण्डल द्वारा नियत तिथि व समय पर मण्डल परीक्षा हेतु आपको आवंटित संस्था में प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करावें।

4.3 किसी भी दिन 50 से अधिक परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न नहीं कराई जावे।

4.4 परीक्षा सम्पन्न कराते हुये प्रयोगशाला के भीतर प्रायोगिक परीक्षा आयोजन के 03 फोटो किसी भी स्मार्ट फोन से लेकर मण्डल की वेबसाईट पर दर्ज कराएं।

4.5 प्रतिदिन सम्पन्न प्रायोगिक परीक्षा के परिणाम ओ.एम.आर.शीट पर दर्ज करें। परिणाम की गोपनीयता सुनिश्चित करें।

संलग्न :– आवंटित विद्यालय की सूची।

हस्ताक्षर
पूरा नाम
जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त/
जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण

क्रमांक/ /2021 दिनांक / /2021

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य उ.मा.वि. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. प्राचार्य उ.मा.वि. जिला को इस पत्र के माध्यम से नियुक्त किये गये बाह्य मूल्यांकनकर्ता को नियुक्ति के दौरान निर्धारित समय, स्थल व दिनांक पर उपस्थित होने हेतु समुचित निर्देश दें। परीक्षा कर्तव्य के दौरान किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत न किया जाये।

कृपया नियुक्ति पत्र देते हुये समस्त बाह्य मूल्यांकनकर्ता को समक्ष में ओ.एम.आर.शीट भरने विषयक समुचित प्रशिक्षण प्रदान करें।

जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त/
जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण